# 'विश्वविद्यालयों के आचार्य नवाचारों से विद्यार्थियों को लाभान्वित करें'

## कोटा विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह आयोजित

**कोटा,** (निसं)। कोटा विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को सिआम ऑडिटोरियम में राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह में स्वर्ण पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले दीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए राज्यपाल ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि भारतीयों की प्रतिभा का लोहा विश्व मानता है। अतः आज जो पदक और उपाधि मिली हैं उसका उपयोग युवा राष्ट्र निर्माण के कार्यों में करें। उन्होंने कहा कि वही समाज और राष्ट्र आगे बढ़ ता जहां शिक्षा का प्रसार होता हैं। बागडे ने कहा कि यह बहुत बड़ा संयोग है कि कोटा विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह बसंत पंचमी, विद्या की देवी मां सरस्वती के प्राकट्य दिवस पर मनाया जा रहा है। बसंत पंचमी जीवन में नवीन ऊर्जा और आनंद का संचार करती है। मां सरस्वती से आशीर्वाद लेकर शिक्षा से जीवन को उन्नत करने का भी पावन पर्व हैं। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल सूचना देना नहीं बल्कि व्यक्तित्व का उत्कर्ष करना है। व्यक्तित्व का उत्कर्ष तभी होगा जब



कोटा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने स्वर्ण पदक व उपाधियां प्रदान की ।

पाठ्य पुस्तकों के साथ-साथ विद्यार्थियों को जीवन व्यवहार की शिक्षा भी दी जाए। शिक्षा का मूल उद्देश्य व्यक्ति को एक अच्छा मनुष्य बनाना है जो श्रेष्ठ जीवन मूल्यों से समन्वित हो। नई शिक्षा नीति इसी आलोक में तैयार की गई है जिसमें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया गया हैं। बागडे ने कहा कि विश्वविद्यालयों के आचार्य नित-नए ज्ञान से अपने विद्यार्थियों को लाभान्वित करें।

विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच विकसित की जाए और फीडबैक लेने का मैकेनिज्म तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षक पाठ्यक्रम से जुड़े प्रश्नों का गहराई से विश्लेषण करते हुए विद्यार्थियों से सवाल पूछें और उनकी प्रतिक्रिया लें। इससे बच्चों में उत्साह बढ़ ता है। उन्होंने विश्वविद्यालयों में शोध को बढ़ ावा देने पर भी जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि आज नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 130वीं जयंती भी है। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की स्मृति को मैं नमन करता हूं। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि एवं ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि आज जो विद्यार्थी यहां से उपाधि और पदक लेकर जा रहे हैं उनका जुड़ाव हमेशा इस

- समारोह में स्वर्ण पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले दीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए राज्यपाल ने की उनके उज्जवल भविष्य की कामना

विश्वविद्यालय से बना रहे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में राष्ट्र प्रथम की भावना सदैव विद्यमान रहनी चाहिए। इसी भावना से वे भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। विद्यार्थी नौकरी करने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनकर अपने कौशल से नए स्टार्टअप शुरू करें।

उन्होंने कहा कि भारत प्राचीन समय से उच्च शिक्षा का केन्द्र रहा है। यहां नालन्दा और तक्षशीला जैसे गुरुकुल थे जहां देश-विदेश से हजारों विद्यार्थी अध्ययन करने आते थे। उन विद्यार्थियों को यहां जीवन का मर्म समझने का मौका मिलता था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने कुलपति का नाम परिवर्तित कर कुलगुरू किया है।

# पत्नी व मासूम बेटे के हत्यारे आरोपी पति को दोषी मानते हुए सुनाया मृत्युदंड

**कोटा,** (निसं)। कुल्हाड़ी से पत्नी व अबोध छह महीने के बेटे की नृशंस हत्याकांड के लगभग पांच साल पुराने मामले मे एडीजे क्रम-2 न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए हत्या के मामले मे पकड़े गये आरोपी पति का दोषी मानते

- जून 2021 महीने में कुल्हाड़ी से वार कर पत्नी व छह माह के अवोध बेटे की थी नृशंस हत्या
- रामपुरा कोतवाली के भाटापाड़ा इलाके का था मामला
- महिला व उसके मासूम बेटे की हत्या के मामले में पकड़े आरोपी पिन्टु डागर को दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई साथ ही 50 हजार के अर्थदंड से दंडित किया

हुए मृत्यु दंड से दंडित किया। एडीजे क्रम-2 न्यायालय की न्यायाधीश सरीता धाकड़ ने महिला व उसके मासूम बेटे की हत्या के मामले में पकड़े आरोपी



हत्यारा दोषी पिन्टु डागर

पिन्टु डागर को दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई साथ ही 50 हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

आरोपी ने जून 2021 में कुल्हाड़ी से वार कर अपनी पत्नी सीमा और छ महीने के बेटे अविनाश उर्फ राजवीर की नृशंस हत्या की थी। अपर लोक अभियोजक भारत सिंह आसावत ने बताया कि 1 जून 2021 को फरियादी प्रदीप कुमार ने रामपुरा कोतवाली में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा था कि उसकी बड़ी बहन सीमा की शादी भाटापाड़ा रामपुरा निवासी पिन्टु डागर के साथ की थी। रिपोर्ट में कहा कि शाम के समय किसी परिचित ने फोन करके उसे बताया कि उसके जीजा पिन्टु ने उसकी बहन सीमा के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिस पर वह मौके पर पहुंचा जहां पता चला कि उसकी बहन को पुलिस एमबीएस अस्पताल लेकर गई है। रिपोर्ट में कहा कि जब एमबीएस अस्पताल पहुंचा तो वहां डॉक्टर ने जांच के बाद सीमा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया।

वही फरियादी ने दूसरी रिपोर्ट 2 जून 2021 को दी, जिसमे कहा कि उसके जीजा पिन्टु ने उसके मासूम भांजे अविनाश उर्फ राजवीर को मारने की नियत से कुल्हाड़ी से उस पर भी वार किया जिसकी जानकारी उसको पहले नही थी। उसके भांजे की भी अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर हत्या की धारा 302 में मामला दर्ज करते हुए महिला व उसके मासूम बेटे की हत्या के मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी पति पिन्टु डागर को गिरफतार किया। पुलिस ने मामले में अनुसंधान करते हुए पकड़े गये आरोपी के खिलाफ चालान पेश किया। मामले में पीठासीन अधिकारी ने सुनवाई करते हुए पकड़े गये आरोपी पिन्टु डागर को दोषी करार देते हुए मृत्यु दंड से दंडित किया।

कोर्ट ने कहा-पीठासीन अधिकारी सरिता धाकड़ ने फैसले में कहा कि मृतक सीमा व अविनाश उर्फ राजवीर का आरोपी पिन्टु डागर के साथ जो वैश्रासिक संबध था उसकी भी हत्या कर दी। रक्षक ही जब भक्षक बन जायेगा तो परिवार में कौन किसको बचायेगा।

# कनिष्ठ रसायनज्ञ परीक्षा के 29को जारी होंगे प्रवेश-पत्र

**अजमेर,** (निसं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा कनिष्ठ रसायनज्ञ (जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग) परीक्षा-2025 का आयोजन 1 फरवरी 2026 को जयपुर जिला मुख्याल य पर किया जाएगा। परीक्षा दोपहर 11 बजे से 1.30 बजे तक आयोजित होगी। ओएमआर उत्तर पत्रक में पांचवें विकल्प को भरने के लिए अभ्यर्थियों को 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

आयोग सचिव ने बताया कि परीक्षा के प्रवेश-पत्र 29 जनवरी 2026 को आयोग की वेबसाइट तथा एसएसओ पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। अभ्यर्थी आवेदन क्रमांक एवं जन्म-तिथि दर्ज कर आयोग की वेबसाइट के एडमिट कार्ड लिंक से प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल के माध्यम से भी प्रवेश-

- 1 फरवरी को होगी परीक्षा

पत्र प्राप्त किए जा सकते हैं।

परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सुरक्षा जांच एवं पहचान प्रक्रिया में समय लगने की संभावना को देखते हुए अभ्यर्थियों को समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

पहचान के लिए अभ्यर्थियों को मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। आधार कार्ड पर फोटो अस्पष्ट या पुराना होने की स्थिति में अन्य मूल फोटोयुक्त पहचान-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। प्रवेश-पत्र पर भी नवीनतम रंगीन फोटो चस्पा करना अनिवार्य है।

# सड़क दुर्घटना में अग्निवीर सैनिक की मौत

## 3 महीने बाद छुट्टी पर घर लौट रहा था सैनिक

**भरतपुर,**(निस)। भरतपुर जिले के चिकसाना थाना क्षेत्र में एक अग्निवीर सैनिक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। अग्निवीर सैनिक पुष्पेन्द्र सिंह का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। परिजन तुरंत उसे भरतपुर जिला आरबीएम अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर में उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार अग्निवीर सैनिक पुष्पेंद्र सिंह 3 महीने बाद छुट्टी लेकर अपने घर जा रहा था। चिकसाना थाना क्षेत्र के गांव पीपला से लगभग 3 किलोमीटर दूर सैनिक का शव सड़क किनारे पड़ा मिला।

सैनिक के परिजनों ने बताया है की उसे किसी वाहन ने टक्कर मारी है। पुष्पेंद्र सिंह लगभग 3 साल पहले अलवर जिले से अग्निवीर सेना में भर्ती हुआ था। अभी पुष्पेंद्र की पोस्टिंग ग्लेशियर सियाचिन में थी। मृतक

- गांव से 3 कि.मी. दूर मिला अग्निवीर सैनिक का शव
- मथुरा से परिजनों को फोन कर कहा था कि डेढ़ घंटे में घर पहुँच रहा हूं

सैनिक के ताऊ शेर सिंह ने बताया कि मेरा भतीजा पुष्पेंद्र (22) चिकसाना थाना क्षेत्र के पीपला गांव का रहने वाला था। वह 3 साल पहले ही अग्निवीर में भर्ती हुआ था। पुष्पेंद्र कल 3 महीने बाद छुट्टी लेकर घर आ रहा था।

पुष्पेंद्र ने कल शाम 7 बजे मथुरा से अपने पिता विजय सिंह को फोन पर बताया की वह मथुरा पहुंच गया है। करीब डेढ़ घंटे बाद वह घर आ जायेगा। परिजन पुष्पेंद्र के आने का इंतजार कर रहे थे। रात के 10 बजे तक पुष्पेन्द्र घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता होने लगी पुष्पेन्द्र का फोन स्विच ऑफ़ आ रहा था।

परिजन पुष्पेन्द्र को देखने निकले तो सड़क किनारे पुष्पेंद्र का शव पड़ा मिला। परिजनों ने पास जाकर देखा तो, वहां काफी खून बिखरा हुआ था। परिजन तुरंत पुष्पेंद्र को लेकर आरबीएम अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुष्पेन्द्र के पिता विजय सिंह एक किसान हैं। पुष्पेंद्र की अभी शादी नहीं हुई थी। पुष्पेंद्र का एक बड़ा भाई है रूपेंद्र है जो, जिसकी पीपला बस स्टेंड के पास परचून की दुकान है। साथ ही पुष्पेंद्र की एक 18 साल की छोटी बहन है। जिसकी शादी नहीं हुई है।

# आधुनिक तकनीक और जैविक खेती से बढ़ी आय

**डीडवाना,** (निसं)। जिले के मीठडी गांव के प्रगतिशील कृषक देवकरण कुमावत ने आधुनिक तकनीक एवं जैविक तरीकों को अपनाकर स्ट्रॉबेरी की खेती शुरू कर क्षेत्र में एक सराहनीय एवं नवाचारी पहल की है। उनका यह प्रयास न केवल उनकी आय में वृद्धि कर रहा है, बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी एक प्रेरणादायी मॉडल बनकर उभरा है।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक हरिओम सिंह राणा ने बताया कि देवकरण कुमावत ने लगभग एक बीघा क्षेत्रफल में स्ट्रॉबेरी की खेती की है, जिसमें विंटर डॉन एवं कैम्ब्रिजा किस्मों के कुल 3000 पौधे लगाए गए हैं। फसल उत्पादन के लिए 12 बेड तैयार किए गए हैं, जिनकी कुल लंबाई लगभग 200 फीट है। यह उनकी पहली स्ट्रॉबेरी फसल हैं, जो वर्तमान में सफलतापूर्वक उत्पादन अवस्था में

- मीठड़ी गांव में आधुनिक तकनीक एवं जैविक तरीकों को अपनाकर स्ट्रॉबेरी की खेती शुरू कर क्षेत्र में एक सराहनीय एवं नवाचारी पहल की है

है। कृषक द्वारा स्ट्रॉबेरी की बिक्री 200 ग्राम के पैक में 50 की दर से की जा रही है, जिससे उन्हें अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है। वे जैविक खेती को प्राथमिकता देते हुए वर्मी कंपोस्ट, गोबर खाद एवं जैतिक पौषक तत्वों का उपयोग कर रहे हैं। इससे पौधों की जड़ों का बेहतर विकास हो रहा है और फलों की गुणवत्ता भी उत्कृष्ट बनी हुई है।

# गर्भवती महिला होमगार्ड ने किया सुसाईड

**कोटा,** (निसं)। आरकेपुरम इलाके में एक गर्भवती महिला ने फांसी का फन्दा लगाकर सुसाईड़ कर लिया। जानकारी के अनुसार गुरूवार रात्रि को विवेकानन्द नगर निवासी नैना सिंह (23) ने घर में फांसी का फन्दा लगा लिया। महिला को जब फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा तो उसे नीचे उतार कर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतका सात माह की गर्भवती थी। आरकेपुरम थानाधिकारी रामविलास मीणा ने बताया कि मामले में सामने आया कि किसी ना किसी बात को लेकर आये दिन दोनों पति-पत्नी के बीच अनबन होती थी। मृतका संविदा पर होमागार्ड की नौकरी करती थी, मृतका सात माह की गर्भवती थी जिसने घर में फांसी का फन्दा लगाकर सुसाईड कर लिया।

# चौराहो पर लगेंगी ट्रैफिक लाइटें, उल्लंघन पर ऑटोमैटिक कटेगा चालान

**बीकानेर,** (निसं)। स्मार्ट सिटी योजना के तहत बीकानेर को मिले 80 करोड़ रुपए से होने वाले कामों की सूची तैयार हो गई है। सूची में इतने भारी-भरकम काम लिए गए हैं कि यह राशि ही कम हो जाएगी। बावजूद इसके सार्वजनिक वाहन चार्जिंग सेंटर, जमीन के नीचे सभी तारों को एक डक्ट में शामिल करने, सीसीटीवी, चौराहों और सड़कों पर नई बत्तियां तथा सड़कों पर ट्रैफिक का उलूंघन करने पर ऑटोमेटिक चालान होने जैसे काम होंगे।

अगर सच में बीकानेर की दशा और दिशा सुधारनी है तो कम से कम 2000 करोड़ रुपए चाहिए। क्योंकि स्मार्ट सिटी योजना से जो 80 करोड़ रुपए मिले हैं, उससे हर क्षेत्र में एक-एक मॉडल काम ही तैयार हो पाएंगे। मगर मॉडल काम इक्का-दुक्का जगह ही बनेंगे, जबकि जरूरत पूरे शहर में है। कोटा में सरकार ने 5500 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। वहां काम नजर भी आता है।

बीकानेर में भी आमूल-चूल बदलाव और विकास के लिए कम से कम 2000 करोड़ रुपए तो चाहिए, तभी कुछ बदलाव देखा जा सकेगा। इस राशि से होने वाले कामों के लिए तमाम विभागों के अधिकारियों की एक टीम बनाई गई थी, जिसने पूरे शहर में होने वाले कामों की सूची तैयार की है। 21 जनवरी को कमेटी के सचिव और आरयूआईडीपी के एक्सईएन दीपक मांडन ने रिपोर्ट निगम और जिला प्रशासन के अधिकारियों को भेज दी है। अब यह रिपोर्ट जयपुर जाएगी और उसके बाद काम होने शुरू होंगे।

स्मार्ट हेरिटेज वॉक - जूनागढ़ किले, विरासत मार्ग आदि के लिए नागरिक ऐप और क्यूआर/एआर आधारित निर्देशित पर्यटन स्थल बनेगा।

हवेलियों को बुटीक कैफे और गैलरी में परिवर्तित करने के लिए काम होगा। शहर के द्वार और अन्य विरासत परिसरों का मुखौटा सुधार एवं लाइटिंग होगी।

# टीटीई की तत्परता से गर्भवती महिला को समय पर मिला उपचार

**अजमेर,** (निसं)। अजमेर मंडल में कार्यरत ट्रेन टिकट एग्जामिनर की त्वरित कार्रवाई से चलती ट्रेन में एक गर्भवती महिला को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकी। अजमेर मंडल के टीटीई मुकेश कुमार यादव ने मानवीय संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए महिला को सुरक्षित उपचार दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मिहिर देव ने जानकारी देते हुए बताया कि टीटीई मुकेश कुमार यादव ने चलती ट्रेन में गर्भवती महिला को प्राथमिक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई तथा अगले स्टेशन तक सुरक्षित पहुंचाने की

- टीटीई मुकेश कुमार यादव ने कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए महिला को सुरक्षित उपचार दिलाने में अहम भूमिका निभाई

व्यवस्था सुनिश्चित की। यात्रा कर रही महिला ललिता देवी को अचानक लेबर पेन शुरू हो गया। इसकी सूचना मिलते ही ऑन ड्यूटी टीटीई ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तुरंत नियंत्रण कार्यालय से संपर्क किया।

# हमले में दो स्कूली छात्र घायल

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के सूरजपोल थाना क्षैत्र में स्थित फतह स्कूल के बाहर छात्रों के बीच हुई मारपीट में दो छात्र घायल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार दोपहर में फतह स्कूल के बाहर किसी बात को लेकर दो छात्रों के बीच कहासूनी हो गई। इस दौरान विवाद बढ़ ने पर दो छात्रों रोहित व अश्विन ने आवरीमाता कच्ची बस्ती निवासी महेश बावरी तथा साथी खटीकवाड़ा सूरजपोल निवासी गौरव खटीक पर हमला कर दिया। जिससे दोनों घायल हो गए। मामले में पुलिस ने पीडित आवरीमाता कच्ची बस्ती निवासी भेरूलाल बावरी की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# चार दुकानों से पांच सेल्समेन गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। शहर में चार शराब की दुकानों पर मिलावट कर शराब बेचने के आरोप में पांच सेल्समेन को गिरफ्तार किया गया है। लेकिन इनके लाइसेंसी दुकानदारों को अभयदान दे दिया गया है। जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय की ओर से आधा अधूरा प्रेसनोट जारी किया गया।

आबकारी अधिकारियों को फोन किए लेकिन किसी ने भी बात नहीं की। प्रेसनोट के अनुसार सेल्समेल सूरतगढ़ निवासी श्रवण कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद, सादुलशहर निवासी राजकुमार शर्मा पुत्र ओमप्रकाश शर्मा, निम्मांवाली निवासी राजेंद्र कुमार पुत्र पन्ना राम,

- आबकारी अधिकारियों ने शराब दुकान संचालकों को दिया अभयदान

मांझुवास निवासी प्रेमचंद्र पुत्र जसवंत राम तथा श्रीगंगानगर में गणेश चौक निवासी सुरेश छिंपा पुत्र जुगल किशोर छिंपा को 21 जनवरी को गिरफ्तार कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया। शराब दुकानों से नाजायज शराब को जब्त किया है। स्टॉक के सैम्पल लेकर जांच को भिजवाए गए हैं।

# सांवलिया जी सेठ के एक माह के भंडार एवं भेंट कक्ष से 35 करोड़ से अधिक का चढ़ावा मिला

**मंडफिया,** (निसं)। मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में गत 17 जनवरी चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव की उपस्थित में छह चरणों में संपन्न हुई।

मंदिर अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव ने बताया कि छठे चरण में हुई भंडार

- साथ ही 112 किलो चांदी व 592 ग्राम सोना भी प्राप्त हुआ
- शेष रही राशि की गिनती मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव की उपस्थित में छह चरणों में संपन्न

गिनती में 8 लाख 31 हजार 127 रुपए नगद प्राप्त हुए। इससे पूर्व पांच चरणों में हुई गिनती में 28 करोड़ 59 लाख 82 हजार 41 रुपए नगद प्राप्त हुए थे। उन्होंने बताया कि अब छह चरणों की गिनती को मिलाकर कुल 28 करोड़ 68 लाख 13 हजार 168 रुपए की नगद प्राप्त हुए। अध्यक्ष वैष्णव ने



सांवलिया जी सेठ की श्रृंगारित प्रतिमा एवं नोटों के बंडल बनाते कर्मचारी।

बताया कि इसके अलावा भंडार व भेंटकक्ष से निकले सोने चांदी का तोल भी किया गया। भंडार व भेंटकक्ष से 592 ग्राम सोना व 112 किलो 723 ग्राम चांदी प्राप्त हुई।

अध्यक्ष वैष्णव ने बताया कि इसके अलावा विभिन्न भक्तों ने विभिन्न स्थानों से मनी ऑर्डर भेजकर,ऑनलाइन द्वारा एवं स्वयं उपस्थित होकर मंदिर कार्यालय में 06 करोड़ 72 लाख 80 हजार 145 रुपए भेंट जमा किए। भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के एक माह के भंडार एवं भेंट कक्ष कार्यालय से कुल 35 करोड़ 40 लाख 93 हजार 313 रुपए का नगद चढ़ावा मिला।

भंडार गिनती में मंदिर अध्यक्ष वैष्णव, मंदिर बोर्ड सदस्य पवन तिवारी, हरिराम गाडरी, रामलाल गुर्जर, किशनलाल अहीर, लेखाधिकारी राजेन्द्र सिंह, मंदिर व संपदा प्रभारी भेरू गिरी गोस्वामी, वरिष्ठ सहायक कालूलाल तेली, सुरक्षा प्रभारी गुलाब सिंह राजपूत, बिहारी लाल गुर्जर, बालभोग प्रभारी भेरूलाल गुर्जर, गौशाला प्रभारी गंगाराम गुर्जर, सहायक केशियर जितेन्द्र त्रिपाठी, श्रवण शर्मा, उदय नाथ सहित चुनिंदा मंदिर कर्मचारी एवं बैंक कर्मी उपस्थित थे।

# आबकारी प्रहराधिकारी के खिलाफ चालान पेश

**उदयपुर,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों इन्टेलीजेंस यूनिट उदयपुर ने रिश्वत के मामले में आबकारी विभाग सलूम्बर के तत्कालीन प्रहराधिकारी के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया।

उल्लेखनीय है कि आरोपी राजेन्द्र प्रसाद द्वारा अपने पद एवं अधिकारों का दुरूपयोग कर परिवादी से उसकी पुत्री के नाम लाईसेन्सी शराब की दुकान निर्बाध चलने देने व परेशान नहीं करने तथा चैकिंग नहीं करने की एवज में 2000 हजार रूपये मासिक बंदी के हिसाब से जनवरी 2023 से मार्च 23 तक के 6 हजार रूपये रिश्वत की माग की गई। जिस पर 31 मार्च 23 को ट्रेप कार्यवाही में परिवादी से रिश्वत राशी स्वयं ही मांग कर लेने से ब्यूरों की टीम ने प्रकरण दर्ज किया था तथा अनुसंधान पूर्ण करने पर आरोपी केखिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपी प्रमाणित होने से आबकारी आयुक्त आबकरी विभाग राजसीन उदयपुर से अभियोजन स्वीकृति प्रापत की गई। इस पर ब्यूरों मुख्यालय द्वारा चार्जशीट के आदेश की पालना में आरोपी के खिलाफ23जनवरी को विशिष्ठ न्यायाधीन भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम क्रम एक उदयपुर में इंटेलीजेंस युनिट उदयपुर की ओर से चालान पेश किया गया।

# शेल्टर में नहीं लौटी शेरनी सुनयना, सज्जनगढ़ लॉयन सफारी में अलर्ट

- 20 हेक्टेयर में सर्च ऑपरेशन जारी, फेंसिंग के बाहर इंसानी आवाजाही बनी चुनौती
- वन विभाग का दावा है कि 2० हेक्टेयर में फैली लॉयन सफारी में ही सुनयना को देखा गया है और वह शेल्टर में आ जाएगी

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर के सज्जनगढ़ अभयारण्य में प्रस्तावित नई लॉयन सफारी की शुरुआत से पहले ही वन विभाग की चिंताएं बढ गई हैं। सफारी क्षेत्र में छोडी गई शेरनी सुनयना बीते 4 दिनों से अपने शेल्टर में वापस नहीं लौटी है। करीब 20 हेक्टेयर क्षेत्र में वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है,जबकि शेर सम्राट तय समय पर शेल्टर में पहुंच चुका है।

सबसे बडी चिंता यह है कि सफारी की फेंसिंग के बाहर लगातार इंसानी आवाजाही बनी रहती है जिससे किसी अनहोनी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि उसे सफारी की झाडियों में देखा गया है, लेकिन लगातार बाहर न लौटने और फेसिंग के पास इंसानी आवाजाही होने के कारण वन विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। शेरनी की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी संभावित खतरे से समय रहते निपटा जा सके।

असल में वन विभाग सफारी शुरू करने से पहले शेर के जोडे को वहां छोडा था ताकि उनको नया ठिकाना अभ्यास में हो जाए। शेरनी सफारी में देखी गई लेकिन शेल्टर तक नहीं आ रही है।सोमवार से शेरनी सुनयना सफारी से वापस अपने शेल्टर नहीं पहुंचने से चिंता सताने लगी। लेकिन वन विभाग की टीम को बुधवार को जब वह सफारी की झाडयों में दिखी तो यह मान लिया गया कि वह अंदर ही है। अब एक ही प्रयास है कि वह शेल्टर तक पहुंच जाए।

इसके बाद वन विभाग ने उसकी खोज शुरू की। उसकी तलाश के लिए सफारी के अंदर टॉप वाली पहाडी पर बने क्लाउड.9 के कमरों की छत पर बैठकर वनकर्मी निगरानी कर रहे हैं। ढ ोल बजाने के साथ ड्रोन उडा रहे है इसके पीछे मकसद है कि एक तो जैसे ही दिखे तो उसके मूवमेंट पर नजर रहे और दूसरा वह शेल्टर तक पहुंच जाए।

शेर सम्राट और शेरनी सुनयना को सोमवार को ही होल्डिंग एरिया से खुले बाडे में छोडा गया था। सम्राट तो नाइट शेल्टर में लौट आयाए लेकिन सुनयना नहीं आई। वन विभाग का दावा है कि 2० हेक्टेयर में फैली लॉयन सफारी में ही सुनयना को देखा गया है और वह शेल्टर में आ जाएगी।

वाइल्डलाइफ विंग उदयपुर के उप वन संरक्षक यादवेंद्र सिंह चुंडावत के अनुसार अगले माह लॉयन सफारी के उद्घाटन की तैयारी को देखते हुए शेरों के जोडे को रिलीज किया गया। शेर नियमित रूप से शेल्टर में लौट रहा है जबकि शेरनी को जंगल रास आ गया है। सफारी क्षेत्र में घास और झाडियां ज्यादा होने के कारण वह बार.बार छिप जाती है। कुछ दिन एनक्लोजर में घूमने के बाद उसे अपने खाने.पीने की जगह का पता चल जाएगा।

उल्लेखनीय है कि लॉयन सफारी के लिए शेरों को सज्जनगढ भी लाया गया है। इसके लिए वन विभाग ने एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत गुजरात के जूनागढ स्थित सक्करबाग चिडयाघर से एशियाटिक शेर के जोडे को सज्जनगढ बायोलॉजिकल पार्क लेकर आए हैं। इसमें 7 साल का लॉयन सम्राट और मादा सुनयना 3 साल की है।



मुझे लगता है कि टेनिस के खेल को बढ़ावा देने के लिए, मैं बहुत कुछ कर सकता हूं। इसलिए, मैं टेनिस और अन्य खेलों के माध्यम से पूरे देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। - लिएंडर पेस

पूर्व भारतीय टेनिस खिलाड़ी, टेनिस अकादमी को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ स्टेन वावरिंका



मेलबर्न पार्क में खेले गए दूसरे दौर के मुकाबले में 40 वर्षीय स्टेन वावरिंका ने अपने से लगभग आधी उम्र के फ्रांसीसी खिलाड़ी आर्थर जिया के खिलाफ पांच सेटों तक चले संघर्ष में जीत दर्ज की। यह मुकाबला चार घंटे 33 मिनट तक चला और वावरिंका ने 4-6, 6-3, 3-6, 7-5, 7-6 (10-3) से जीत हासिल की है। मौजूद जानकारी के अनुसार, यह मुकाबला शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बेहद थकाऊ रहा। गौरतलब है कि मैच के दौरान कई ऐसे पल आए, जब लगा कि उम्र और थकान स्विस खिलाड़ी पर भारी पड़ सकती है।

**क्या आप जानते हैं ?...** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा रखे गए वनडे क्रिकेट रिकॉर्ड के अनुसार, भारत बनाम न्यूजीलैंड के बीच कुल 107 मैच खेले गए हैं। इनमें से 55 मैच भारत ने जीते हैं, जबकि न्यूजीलैंड ने 46 मैच जीते हैं।

## सूर्यकुमार और ईशान के तूफानी अर्द्धशतकों से भारत को 2-0 की बढ़त

रायपुर, 23 जनवरी। कप्तान सूर्यकुमार यादव (नाबाद 82) और वापसी कर रहे ईशान किशन (76) के आतिशी अर्धशतकों से भारत ने न्यूज़ीलैंड को दूसरे टी 20 मुकाबले में शुक्रवार को सात विकेट से हराकर 2-0 की मजबूत बढ़त बना ली। न्यूज़ीलैंड ने कप्तान मिचेल सेंटनर (नाबाद 47) और रचिन रवींद्र (44) की शानदार पारियों की बदौलत छह विकेट पर 208 रन का मजबूत स्कोर बनाया लेकिन भारत ने 15.2 ओवर में सात विकेट पर 209 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल की। भारत ने इस तरह 200 से ऊपर की सबसे तेज रन चेज हासिल की।

सूर्या ने 37 गेंदों पर नाबाद 82 रन में नौ चौके और चार छक्के मारे जबकि भारतीय टीम में वापसी करने वाले ईशान किशन ने अपनी उपयोगिता साबित करते हुए 32 गेंदों पर 76 रन में 11 चौके और चार छक्के मारे। शिवम दुबे ने 18 गेंदों पर नाबाद 36 रन में एक चौका और तीन छक्के उड़ाए। जवाब में, भारत की शुरुआत





थोड़ी लड़खड़ाती हुई रही क्योंकि संजू सैमसन (6)और अभिषेक शर्मा (0)जल्दी आउट हो गए। हालाँकि, इस झटके को ईशान किशन ने तेज़ी से दूर कर दिया, जिन्होंने एक ज़बरदस्त पलटवार किया, न्यूज़ीलैंड की गेंदबाज़ी की धज्जियाँ उड़ा दीं और पावरप्ले के अंदर सिर्फ़ 21 गेंदों में तूफ़ानी अर्धशतक बनाया। दूसरी तरफ, सूर्यकुमार यादव ने किशन के आउट होने के बाद पारी को समझदारी से संभाला और फिर अपनी फिफ्टी पूरी की - लंबे समय तक खराब फॉर्म के बाद इस फॉर्मेट में यह उनकी पहली फिफ्टी थी।

इसके बाद शिवम दुबे ने मेहमान टीम पर दबाव बनाए रखा, स्ट्राइक रोटेट करते रहे और नियमित अंतराल पर बाउंड्री लगाते रहे। भारतीय बल्लेबाजों ने लगातार मोमेंटम बनाए रखा, जिससे 16वें ओवर में ही लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया गया। यह भारत का एक शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन था, जिसमें कप्तान ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और एक बड़ी जीत पूरी करने के लिए एक महत्वपूर्ण पारी खेली। ईशान और सूर्या ने 48 गेंदों में 122 रन की तूफानी साझेदारी की जबकि सूर्या ने शिवम के साथ 37 गेंदों पर 81 रन की अविजित साझेदारी की।

न्यूज़ीलैंड की तरफ से ज़ैक फॉक्स सबसे महंगे रहे। उनके तीन ओवर में दिए गए 67 रन किसी भी न्यूज़ीलैंड के गेंदबाज द्वारा टी20 में दिए गए सबसे ज़्यादा रन हैं, जो 2018 में ऑकलैंड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ बेन व्हीलर के 3.1 ओवर में दिए गए 64 रनों से ज़्यादा हैं।

इससे पहले भारत के खिलाफ़ न्यूज़ीलैंड ने अपना सबसे बड़ा टोटल बनाया, जिसने 2017 में राजकोट में बनाए गए 196/2 के स्कोर को पीछे छोड़ दिया। साथ ही यह बिना किसी व्यक्तिगत 50 स्कोर के न्यूज़ीलैंड का सबसे बड़ा टी20 टोटल भी है।

## टी-20 विश्व कप 2026 : भारत न आने पर भड़के, यह बांग्लादेश का नुकसान है : मो. अजहरुद्दीन



नई दिल्ली, 23 जनवरी। तेलंगाना के मंत्री और पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन ने कहा कि आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के मैचों के लिए बांग्लादेश का भारत न आने का फैसला अंततः उनके लिए नुकसानदेह साबित होगा। अजहरुद्दीन ने कहा कि भारत की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बांग्लादेश की शिकायत करना अनुचित है, क्योंकि न्यूजीलैंड इस समय भारत में खेल रहा है और दक्षिण अफ्रीका भी हाल ही में यहां खेला था। अजहरुद्दीन ने कहा कि अगर वे नहीं आते हैं, तो यह उनका नुकसान है। वे हमारी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शिकायत नहीं कर सकते। कई अंतरराष्ट्रीय मैच चल रहे हैं और किसी भी टीम ने शिकायत नहीं की है। अगर वे नहीं आते हैं, तो यह उनका और उनके खिलाड़ियों का नुकसान होगा। हमारा देश बहुत सुरक्षित है। सभी टीमें खेल रही हैं। न्यूजीलैंड इस समय भारत में खेल रहा है और दक्षिण अफ्रीका कुछ ही दिन पहले यहां खेला था। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कहा कि विश्व कप के मैचों को बार-बार इधर-उधर नहीं किया जा सकता। चूंकि मैच पहले से ही निर्धारित हैं, इसलिए मैचों को बदलना बहुत मुश्किल है। अज़हरुद्दीन की ये टिप्पणी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) द्वारा अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से मैचों को भारत से बाहर श्रीलंका में स्थानांतरित करने के अनुरोध के बाद आई है। बीसीबी का यह अनुरोध भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के मद्देनजर आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 2026 सीजन से पहले बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर को टीम से बाहर करने के निर्देश देने के बाद आया है।

## बांग्लादेश ने अमेरिका को सात विकेट से हराया

हरारे, 23 जनवरी। कप्तान मोहम्मद अज़ीज़ुल हाकिम तमीम की 64 रन की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी की बदौलत बंगलादेश अंडर-19 ने अमेरिका अंडर 19 को अंडर 19 विश्व कप के ग्रुप बी मैच में शुक्रवार को सात विकेट से हरा दिया। बंगलादेश ने अमेरिका को 50 ओवर में नौ विकेट पर 199 रन पर रोकने के बाद 413 ओवर में तीन विकेट पर 201 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। हाकिम तमीम ने 82 गेंदों पर 64 रन की मैच विजयी पारी में दो चौके और दो छक्के लगाए। अमेरिका की पारी में 41 रन पर तीन विकेट लेने वाले इक़बाल हुसैन एमोन को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

## भारत ने भूटान को 11-3 से हराया

नोंथाबुरी (थाईलैंड), 23 जनवरी। भारत ने सैफ फुटसल चैंपियनशिप 2026 में शानदार तरीके से अपनी पहली जीत दर्ज की, और नोंथाबुरी स्टेडियम में भूटान को 11-3 से हराने के लिए एक दमदार अटैकिंग प्रदर्शन किया। निखिल माली ने हैट्रिक लगाई - उनके तीनों गोल गुरुवार रात मैच के आखिरी मिनट में किए गए। विंसेंट लालतलुआंगजेला और अनमोल अधिकारी ने दो-दो गोल किए। जोनाथन लालरावंगबावला, लालसॉम्पिया और सीन डिसूजा ने एक-एक गोल किया, जबकि भूटान के जिग्नम सेल्टोब दोरजी ने एक आत्मघाती गोल किया। इस बड़ी जीत से भारत चार मैचों में पांच अंकों के साथ स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। हालांकि, मालदीव के दिन में पहले नेपाल को 2-1 से हराने के बाद फुटसल टाइगर्स पहले ही टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान की दौड़ से बाहर हो गए थे। मालदीव फिलहाल चार मैचों में 12 अंकों के साथ शीर्ष पर है।

## ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को नौ विकेट से पीटा

विंडहोक, 23 जनवरी। विल बैरोम (14 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 ने श्रीलंका अंडर-19 को अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप ए मुकाबले में शुक्रवार को नौ विकेट से पीट दिया। ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को 18.5 ओवर में मात्र 58 रन पर समेटने के बाद 12 ओवर में एक विकेट पर 62 रन बनाकर मुकाबला आसानी से जीत लिया। स्टीवन होगान ने 27 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 28 और नितेश सैमुअल ने नाबाद 19 रन बनाये। होगान ने विजयी चौका मारा। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया ग्रुप में टॉप पर रहा और इस गेम के पॉइंट्स अगले राउंड में ले जाएगा। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का सही फैसला किया। श्रीलंका की टीम 13 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद मुकाबले में नहीं लौट पाई। श्रीलंका की तरफ से कविजा गमागे ने 10 और चमिका हीनातिगाला ने 14 रन बनाये। अन्य कोई बल्लेबाज दहाई की संख्या में नहीं पहुंच सका और पूरी टीम 58 रन पर सिमट गयी। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से विल बैरोम ने 6.5 ओवर में 14 रन देकर पांच विकेट झटके जबकि चार्ल्स लचमुंड और कैसी बार्टन को दो-दो विकेट मिले।

## एलिस बीबीएल फाइनल्स से बाहर

सिडनी, 23 जनवरी। सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ अपने चैलेंजर मैच से पहले होबार्ट हरिकेंस को एक बड़ा झटका लगा है, कप्तान नाथन एलिस हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण बिग बैश लीग 2025-26 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। एलिस, जो इस हफ्ते की शुरुआत में मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ बारिश से प्रभावित तीन रन की जीत में नहीं खेल पाए थे, सिडनी गए थे और चैलेंजर में खेलने की उम्मीद में हरिकेंस की 14 खिलाड़ियों की टीम में शामिल थे। हालांकि, 31 वर्षीय तेज गेंदबाज को एससीजी में मैच से कुछ घंटे पहले ही टीम से हटा दिया गया और उनकी जगह बल्लेबाज चार्ली वाकिम को शामिल किया गया है। क्लब ने शुक्रवार दोपहर एक बयान में कहा, ''होबार्ट हरिकेंस पुष्टि कर सकता है कि कप्तान नाथन एलिस हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण बीबीएल सीजन के बाकी मैचों और बीबीएल/15 फाइनल से बाहर रहेंगे।'' ''एलिस, जो बुधवार रात नॉकआउट में नहीं खेल पाए थे, बीबीएल/15 फाइनल के आखिरी दो मैचों के लिए वापसी करने का लक्ष्य बना रहे थे, लेकिन दुर्भाग्य से चोट से उबर नहीं पाए।''

## अफरीदी, बाबर ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए पाक टी-20 टीम में शामिल

इस्लामाबाद, 23 जनवरी। शाहीन शाह अफरीदी पिछले महीने घुटने के लिगामेंट की चोट के कारण बीबीएल से बाहर होने के बाद पहली बार पाकिस्तान टीम में लौटे हैं, ताकि अगले हफ्ते शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का सामना कर सकें। बाबर आजम ने भी बीबीएल में खराब प्रदर्शन के बावजूद अपनी जगह बनाए रखी है, जबकि ऑस्ट्रेलिया में हारिस रऊफ का शानदार प्रदर्शन टीम में जगह वापस पाने के लिए काफी नहीं रहा। पाकिस्तान की 16 सदस्यीय टीम लाहौर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेगी, जिसके बाद दोनों टीमें भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए रवाना होंगी।

## आरुष तिवारी ने फिगर और स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया



नई दिल्ली, 23 जनवरी। आरुष तिवारी ने 6वें संस्करण के खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026 में फिगर और स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता 20 से 26 जनवरी 2026 तक लेह में आयोजित हुई थी। उन्होंने भारत के 19 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिभागियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए बेसिक नोविस बॉयज़ श्रेणी में यह पदक जीता। यह संस्करण विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि पहली बार खेलो इंडिया विंटर गेम्स में फिगर स्केटिंग को शामिल किया गया है तथा न्यूनतम आयु सीमा को घटाकर 13 वर्ष कर दिया गया है।

वर्ष 2025-26 आरुष के लिए अत्यंत शानदार रहा है, क्योंकि वह भारत के एकमात्र स्केटर हैं जिन्होंने अपने द्वारा भाग ली गई सभी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय आइस स्केटिंग प्रतियोगिताओं में पदक जीते हैं। उनकी प्रमुख उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं: स्वर्ण पदक - 20वीं फिगर एवं स्पीड स्केटिंग राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025, देहरादून, भारत। कांस्य पदक - एशियन ओपन फिगर एवं आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप 2025, मनीला, फिलीपींस। कांस्य पदक - 6वां खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026, लेह, भारत। बिज़नेस वर्ल्ड जेन और जेन अल्फा चेंज मेकर्स अवाड्र्स 2.0 - खेल श्रेणी।

## बुमराह के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 साल पूरे

नई दिल्ली, 23 जनवरी। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शुक्रवार को क्रिकेट के सबसे ऊँचे लेवल पर एक दशक पूरा होने का जश्न मनाया, जिसमें उन्होंने एक जोशीले युवा फ़ैन से खेल के सबसे असरदार गेंदबाज़ों में से एक बनने के अपने सफर के बारे में बताया। एक इंस्टाग्राम पोस्ट में, बुमराह ने लिखा, उस बच्चे के सपने को जीने के 10 साल, जिसे उस खेल से प्यार हो गया जिसने उसे ऐसा महसूस कराया जैसा इस दुनिया में कुछ भी नहीं करा सकता, उन्होंने आगे कहा कि सोच और सोच के ख़िलाफ़ जाने का उनका सफ़र परिवार और विश्वास के सपोर्ट से जारी है।

बुमराह ने जनवरी 2016 में भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था, जहाँ वह टी20 सीरीज में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे। पिछले एक दशक में, दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने दुनिया भर के क्रिकेट के सभी फ़ॉर्मेट में सबसे असरदार गेंदबाज़ों में से एक का नाम कमाया है। वह टेस्ट, वनडे और टी20 में आईसीसी मेन्स प्लेयर रैंकिंग



में नंबर 1 रैंकिंग हासिल करने वाले पहले बॉलर हैं, और तीनों फॉर्मेट में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बॉलर हैं। बुमराह घरेलू क्रिकेट में गुजरात और इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस को रिप्रेजेंट करते हैं।

भारतीय तेज गेंदबाजों में, वह सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट और दूसरे सबसे तेज 100 वनडे विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 2024 टी20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई, जहां 4.17 की इकॉनमी रेट से 15 विकेट लेने के बाद उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। बुमराह 2016 में एक कैलेंडर साल में टी20 में 28 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर भी थे। उन्होंने 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू किया और तब से लीडरशिप की जिम्मेदारी संभाली है, दिसंबर 2023 से भारत के टेस्ट वाइस-कैप्टन के तौर पर काम कर रहे हैं और रेगुलर कप्तान रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में तीन मौकों पर टीम को लीड किया है।

उनके करियर की उपलब्धियों में 2018 और 2024 में आईसीसी मेन्स टेस्ट टीम ऑफ़ द ईयर, 2017 और 2018 में आईसीसी मेन्स वनडे टीम ऑफ द ईयर और 2024 में आईसीसी मेन्स टी20 टीम ऑफ द ईयर में चुना जाना शामिल है। उन्हें आईसीसी मेन्स टी20 टीम ऑफ़ द डिकेड (2011-2020) में भी चुना गया था, उन्होंने तीन बार पॉली उमरीगर अवॉर्ड जीता है और 2022 में विजडन के क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर में शामिल किया गया था।

## गॉफ लगातार चौथी बार चौथे राउंड में

मेलबर्न, 23 जनवरी। शुक्रवार दोपहर को मार्गरेट कोर्ट एरिना में फैंस ने दानिल मेदवेदेव को दो सेट से पिछड़ने के बाद एक शानदार वापसी करते देखा, उसके बाद उन्हें महिलाओं के वर्ग में एक और मैच देखने को मिला जो पूरे समय तक चला।

## सरफराज के दोहरे शतक से मुंबई का विशाल स्कोर

हैदराबाद, 23 जनवरी। सरफराज खान (227) के शानदार दोहरे शतक की मदद से मुंबई ने हैदराबाद के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पहली पारी में 560 रन का विशाल स्कोर बना लिया। सरफराज ने कल के 142 रन से और मुंबई ने चार विकेट पर 332 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। सरफराज 219 गेंदों पर 19 चौकों और नौ छक्कों की मदद से 227 रन बनाकर छठे बल्लेबाज के रूप में टीम के 488 के स्कोर पर आउट हुए। सुवेद पारकर ने 98 गेंदों में 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 75 रन बनाये। अथर्व अंकोलेकर ने नाबाद 35 रनों का योगदान दिया। हैदराबाद की तरफ से रक्षण रेड्डी ने 107 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट लिए। हैदराबाद ने स्टंप्स तक दो विकेट खोकर 138 रन बना लिए हैं और वह अभी पहली पारी में 422 रन से पीछे है। वडोदरा। बड़ौदा ने नागालैंड को एलीट ग्रुप ए मैच में पारी और छह रन से हरा दिया। नागालैंड की टीम दूसरी पारी में 141 रन पर लुढ़क गयी। महेश पिठिया और अतीत सेठ ने तीन-तीन विकेट लिए। राजकोट। सौराष्ट्र ने पंजाब को एलीट ग्रुप बी मैच में 194 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। पंजाब की टीम 320 रन के लक्ष्य के सामने दूसरी पारी में 125 रन पर सिमट गयी। धर्मेंद्रसिंह जडेजा और पार्थ भट्ट ने पांच-पांच विकेट झटके। पहली पारी में शून्य पर लुढ़कने वाले पंजाब के कप्तान शुभमन गिल दूसरी पारी में 14 रन बनाकर आउट हो गए। बेंगलुरु। आयुष पांडेय (नाबाद 161) और आयुष तिवारी (108) के शानदार शतकों की मदद से छत्तीसगढ़ ने दिल्ली के खिलाफ एलीट ग्रुप डी मैच में दो विकेट पर 351 रन बनाकर 135 रन की मजबूत बढ़त हासिल कर ली।

## हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण टी-20 विश्व कप से बाहर हुए एडम मिल्ने

आकलैंड, 23 जनवरी। न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने एसए 20 के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण 2026 टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह टीम में काइल जेमीसन को शामिल किया गया है। मिल्ने को यह चोट पिछले रविवार सनराइजर्स ईस्टर्न केप के लिए खेलते हुए एमआई केप टाउन के ख़िलाफ लगी थी। स्कैन में मांसपेशियों में खिंचाव की बात सामने आई। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 16.27 की औसत और 7.61 की इकॉनमी से 11 विकेट लिए थे। न्यूज़ीलैंड के प्रमुख कोच रॉब वॉल्टर ने कहा, ''हम सभी एडम के लिए बेहद निराश हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के लिए ख़ुद को तैयार करने में काफ़ी मेहनत की थी और ईस्टर्न केप सनराइजर्स के लिए अपने आठ मैचों में वह अपनी बेहतरीन फ़ॉर्म में लौटते हुए दिख रहे थे। उनके लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण समय है और हम उनके जल्द ठीक होने की कामना करते हैं।'' जेमीसन इस समय भारत दौरे पर टीम का हिस्सा हैं। उन्हें विश्व कप के ट्रैवलिंग रिजर्व से मुख्य दल में शामिल किया गया है। 31 जनवरी तक दल में बिना रोकटोक बदलाव किए जा सकते हैं, उसके बाद किसी भी बदलाव के लिए आईसीसी की मंज़ूरी जरूरी होगी।

## शानदार सिक्सर्स ने पर्थ स्कॉर्चर्स के साथ छठे फाइनल की तारीख तय की

सिडनी, 23 जनवरी। सिर्फ़ दो रात पहले, सिडनी सिक्सर्स पूरब की ओर उड़े थे, घायल और निराश। लेकिन अब उन्हें वापसी का मौका मिला है। पूरे ऑस्ट्रेलिया में 3200 किलोमीटर की यात्रा को उलटने का अधिकार हासिल करने के बाद, वे अब किस्मत के मुहाने पर खड़े हैं। ऑप्टस स्टेडियम में पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ़ छठा फाइनल उनका इंतज़ार कर रहा है। इस पल तक पहुँचने के लिए, लीग के सबसे बड़े मंच पर आठवीं बार जगह पक्की करने के लिए।

## राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के सीनियर सिलेक्शन कमेटी के चेयरमैन राहुल कावंट और मेंटोर पंकज सिंह ने पद से इस्तीफा दिया

जयपुर, 23 जनवरी। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का सियासी विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। कोर्ट से राहत मिलने के बाद अब राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के सीनियर सिलेक्शन कमेटी के चेयरमैन राहुल कांवट और मेंटोर पंकज सिंह ने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद न सिर्फ खिलाड़ी और क्रिकेट लवर्स, बल्कि राजस्थान सरकार के सामने भी राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की मौजूदा स्थिति को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है।

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की सीनियर सिलेक्शन कमेटी के चेयरमैन राहुल कांवट और पंकज सिंह ने शुक्रवार शाम इस्तीफा दिया। इसमें दोनों ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के मौजूदा हालात में काम करने को लेकर असमर्थता जाहिर की है। दोनों पदाधिकारियों ने एडहॉक कमेटी कन्वीनर दीनदयाल कुमावत और कमेटी के चारों सदस्यों को ईमेल के जरिए इस्तीफा भेजा।

कांवट ने कहा राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के मौजूदा हालात काफी खराब हैं। हम खिलाड़ियों के हित में काम करने के लिए यहां आए थे, लेकिन फिलहाल जो कंट्रोवर्सी राजस्थान क्रिकेट में चल रही है। उससे सबसे ज्यादा अहित खिलाड़ियों का ही हो रहा है।

कन्वीनर और मौजूद सदस्यों में बन नहीं रही, राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के मौजूदा हालात काफी खराब हैं। हम खिलाड़ियों के हित में काम करने के लिए यहां आए थे, लेकिन फिलहाल जो कंट्रोवर्सी राजस्थान क्रिकेट में चल रही है। उससे सबसे ज्यादा अहित खिलाड़ियों का ही हो रहा है। कन्वीनर और मौजूद सदस्यों में बन नहीं रही है। इसकी वजह से हम लोगों को जहां खिलाड़ियों के लिए काम करना चाहिए था। वहीं कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जो पूरी तरह गलत है।

ऐसे में इन हालात से परेशान होकर मैंने और पंकज सिंह ने पद से इस्तीफा देने का फैसला किया। हम इस तरह के हालात में काम नहीं कर सकते या फिर यह कहें कि जो भी व्यक्ति क्रिकेट की भलाई के लिए काम करना चाहता है। वह फिलहाल राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में काम नहीं कर सकता है।





## विलिंगडन ओपन स्क्वैश में जयपुर के धैर्य और अमय ने जीते खिताब

जयपुर, 23 जनवरी। सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित राजस्थान स्क्वैश एकेडमी के धैर्य गोगिया और अमय महाजन ने हाल ही मुम्बई में आयोजित विलिंगडन ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप में अपने- अपने आयु वर्ग के खिताब जीत लिए। एकेडमी की संचालक सुरभि मिश्रा के अनुसार धैर्य गोगिया ने फाइनल में रोहन खुराना को सीधे सेटों में 11-6, 11-2, 11-7 से हरा अंडर-13 बॉयज का खिताब अपने नाम किया। वहीं अंडर-9 मिक्स्ड कैटेगरी में अमय महाजन ने फाइनल में वैभव वीसी को 11-3, 11-5, 12-10 से हरा खिताबी जीत दर्ज की। सुरभि ने बताया कि अंडर-9 मिक्स्ड कैटेगरी में राजस्थान की एक अन्य खिलाड़ी लक्षाण्या राजावत तीसरे स्थान पर रही, जबकि अंडर-11 कैटेगरी में गौरवी अजमेरा ने चौथा स्थान हासिल किया।

## राजस्थान-असम अंडर-23 मैच : पहले दिन रजत बघेल का शतक, राज शर्मा का नाबाद अर्द्धशतक





जयपुर, 23 जनवरी। राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में आज से जयपुर में के एल सैनी स्टेडियम पर शुरू हुए राजस्थान - असम अंडर 23 मैच के पहले दिन रजत बघेल का शानदार शतक व राज शर्मा का अर्धशतक।

**पहले दिन का स्कोर : -** राजस्थान पहली पारी 212/3, टीम के लिए रजत बघेल 145 रन (184 गेंद, 23 चोक्के, 3 छक्के), राज शर्मा नाबाद 52 रन बनाकर खेल रहे हैं। आसामके गेंदबाज हर्ष कुमार 58/2 विकेट। राजस्थान - हिमाचल रणजी मैच (दूसरे दिन का स्कोर), हिमाचल पहली पारी 406 आल आउट। राजस्थान के गेंदबाज मानव सुथार 76/3, खलील अहमद 68/3, अनिकेत चौधरी 79/2 विकेट प्राप्त किये।राजस्थान पहली पारी 115/6, दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान ने अपनी पहली पारी में 6 विकेट के नुकसान पर 115 रन बना लिए थे। टीम के लिए सलमान खान 32, मुकुल चौधरी 24, दीपक हुड्डा 15, शिवा चौहान 15 (रिटायर्ड हर्ट) रनो का योगदान दिया। हिमाचल के गेंदबाज मुकुल नेगी 16/3, आर्यमन धालीवाल 35 / 2 विकेट।

## जयपुर पोलो सीजन का पहला एग्जीबिशन मैच आज

जयपुर, 23 जनवरी। जयपुर पोलो सीज़न 2026 के अंतर्गत, सीज़न का पहला एग्ज़िबिशन मैच, रघु सिन्हा माला माथुर मेमोरियल कप 24 जनवरी को दोपहर 3.30 बजे राजस्थान पोलो क्लब में खेला जाएगा। यह मुकाबला टीम आरपीसी और टीम मालार्पण के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजस्थान के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस, राजीव कुमार शर्मा होंगे।

टीम मालार्पण से लोकेंद्र सिंह धीरावत, प्रताप सिंह कानोता, भवानी सिंह कालवी और एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह खेलेंगे। दूसरी ओर, टीम आरपीसी से मिर्जा मोहम्मद बेग, मयूरध्वज सिंह तलाबगांव, राव हिम्मत सिंह बेदला और लांस वॉटसन खेलेंगे। वहीं, शनिवार, 24 जनवरी को राजमाता गायत्री देवी मेमोरियल कप का सेमिफाइनल पीपीसी ग्राउंड पर दोपहर 12 बजे और 1 बजे खेला जाएगा। जिसमें जिंदल बेदला और वी पोलो टीम के बीच तथा रामबाग और ऑप्टिमस अचीवर्स के बीच टक्कर होगी। कप का फाइनल रविवार, 25 जनवरी को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर दोपहर 3.30 बजे खेला जाएगा।

## संतोष ट्रॉफी में राजस्थान की धमाकेदार जीत, तमिलनाडु को 1/0 से हराया





जयपुर, 23 जनवरी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के द्वारा आयोजित फाइनल राउंड संतोष ट्रॉफी मैच में राजस्थान ने शानदार खेल दिखाते हुए तमिलनाडु को 1/0 से हराकर 3 अंक हासिल किए आज खेले गए मैच में प्रथम हाफ दोनों टीमें शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एक दूसरे पर काफी हमले किए पर गोल नहीं हो पाया ओर गोल रहित रही ! लेकिन द्वितीय हाफ में राजस्थान टीम ने दमखम कि साथ खेलते हुए तमिलनाडु पर दबाव बनाए रखा और मैच के 78 वे मिनट में राजस्थान कि ईशान राजोरिया ने शानदार क्रॉस पास से अदनान ने गोल कर बढ़त दिलाई जो अंत तक क़ायम रही राजस्थान का अगला मुक़ाबला 25 जनवरी को पश्चिम बंगाल से होगा।

अभी तक राजस्थान ने ग्रुप में 5 में से 2 मैच खेले हैं जिनमें से राजस्थान ने दोनों में जीत कर के 6 अंक हासिल कर लिये है इसके पहले उत्तराखंड को 3/2 से आया था यह राजस्थान टीम के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है संघ के अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह जसोल, महिला विंग कि चेयरपर्सन रोशनी टाक, सचिव दिलीप सिंह शेखावत, और समस्त राजस्थान फुटबाल संघ सभी पदाधिकारी और भूतपूर्व फुटबॉल प्लेयर्स ने खिलाड़ियों की जीत पर बधाई दी।

